# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 11 मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्री सोरेन ने जिन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया है उनमें चाईबासा विधायक दीपक बिरुआ, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, गिरिडीह विधायक सुदिव्य सोनू, बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, गोमिया विधायक योगेंद्र महतो और मधुपुर विधायक हफीजुल हसन अंसारी शामिल हैं। कांग्रेस से महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह, छतरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाया गया है। राजद कोटे से गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव को मंत्री पद दिया गया है। श्री सोरेन ने इस बार अपने मंत्रिमंडल में छह नये चेहरों को शामिल किया है। सबसे पहले कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर ने शपथ ग्रहण किया।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रोटेम स्पीकर के रुप में विधायक स्टीफन मरांडी को भी शपथ दिलायी।

***************

झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की लेन–देन वाले केस की पुलिस जांच पर रोक लगा दी है। अदालत ने राज्य सरकार से अब तक हुई पुलिस जांच की रिपोर्ट मांगी है। इस मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी। गौरतलब है कि ईडी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया है।

***************

जामताड़ा जिले में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************

गुमला जिले में एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक बसिया स्थित वन विभाग के चेक पोस्ट के पास खड़े एक ट्रक से एक कार आ टकरायी। इससे कार में बैठे तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि गंभीर रुप से घायल दो लोगों को रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि कार पर सवार लोग एक शादी समारोह में भाग लेकर अपने घर रांची लौट रहे थे।

***************

हजारीबाग के बड़ा बजार थाना अंतर्गत सिरका निवासी रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव की हत्याकांड मामले में पुलिस ने पेशेवर हत्यारे कटप्पा उर्फ पप्पु यादव को गिरफ्तार किया है। हत्या के कारणों का पुलिस ने फिलहाल खुलासा नहीं किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया है।

********************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्यभर में अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान ठंड बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि तीन दिनों के बाद मौसम में फिर बदलाव देखने को मिलेगा। श्री आनंद के अनुसार आठ और नौ दिसंबर को आसमान में बादल छायेंगे और राज्य के उत्तरी भाग में कहीं—कहीं बारिश हो सकती है।

************************